प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश की जनता को कौशल युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद एनसीवीईटी के सहयोग से कौशल विकास के कार्यक्रम चलाने के लिए प्रयासरत है। कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र के रूप में मुविवि की अग्रणी भूमिका रहेगी। कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया, नई दिल्ली (सेमका) तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में रोजगारोन्मुख कार्यक्रम विकसित करने के संदर्भ में मुक्त विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के त्रिदिवसीय सम्मेलन से वापस आने के बाद कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने सोमवार को यह जानकारी दी।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद से अनुमति प्राप्त करने के उपरांत देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश की जनता को कौशल युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए कौशल विकास के कार्यक्रम चलाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने बताया कि मुक्त विश्वविद्यालय इस प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करेगा और कौशल विकास के अवॉर्डिंग और एसेसिंग निकाय के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय कौशल विकास के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस सम्मेलन सह कार्यशाला में उद्योग जगत से भी कनफेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों ने उद्बोधन किया।

उन्होंने बताया कि मुक्त विश्वविद्यालय इस प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करेगा और कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्टता की पहचान और मूल्यांकन के साथ ही उनकी गुणवत्ता का आंकलन करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय कौशल विकास के क्षेत्र में सुधार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने तथा कौशल विकास के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

जोश — अपने प्रदेश के कालेज

कला, विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा का अध्ययन केंद्र हैं मुवि

एक लाख छात्रों की ओर बढ़ा मुक्त विश्वविद्यालय

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय

1998 में स्थापना | 12 | 86 | 80786 कुल छात्र संख्या | 09 स्कूल | 55 | 124 शैक्षणिक कार्यक्रम | 1474 अध्ययन केंद्र

नए शैक्षणिक कार्यक्रम

तकनीक से सशक्त शिक्षा प्रणाली

भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित शिक्षा

मुक्त विश्वविद्यालय में सुंदर कांड पाठ सह समरस्ता भोज आयोजन

आज दिनांक 10 जून, 2025 को विश्वविद्यालय परिसर स्थित मंदिर में सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। तद्उपरान्त सामाजिक सरोकार के लिए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने आयोजित समरस्ता भोज में सामुहिक सहभागिता की, कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी सपत्नीक विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों के साथ समरस्ता भोज किया।

समरस्ता भोज

मुविवि में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

एक वर्ष पूर्ण होने पर हुआ कुलपति का अभिनंदन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में दिनांक 10 जून, 2025 को मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति आचार्य सत्यकाम जी रहे।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के कार्यकाल के एक वर्ष के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर शिक्षकों ने कहा कि विश्वविद्यालय को हमेशा आगे बढ़ाने में यहां के विद्वान कुलपतियों का विशेष योगदान रहा है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के विद्वान प्रोफेसर सत्यकाम के नेतृत्व में मुक्त विश्वविद्यालय ने विगत एक वर्ष में महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। जिनमें स्व अध्ययन पाठ्य सामग्री लेखन तथा यूजीसी द्वारा 12 बी की मान्यता मिलना प्रमुख है। निश्चय ही उनके नेतृत्व में यह विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा संस्थानों के लिए नए मानक स्थापित करेगा।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के सम्मान में शिक्षकों ने उन्हें अभिनंदन पत्र भेंट किया। समारोह का संचालन डॉ आनंदानंद त्रिपाठी तथा संगोष्ठी की विषयवस्तु प्रोफेसर एस कुमार ने प्रस्तुत की। अभिनंदन पत्र का वाचन डॉ त्रिविक्रम तिवारी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता, प्रोफेसर पीके स्टालिन, प्रोफेसर छत्रसाल सिंह, प्रोफेसर श्रुति, प्रोफेसर जे पी यादव आदि उपस्थित रहे।



संचालन करते हुए डॉ आनंदानंद त्रिपाठी

माननीय कुलपति आचार्य सत्यकाम जी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सीमा जी को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, एवं तुलसी का पौधा भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान करते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण

संगोष्ठी की विषयवस्तु प्रस्तुत करते हुए प्रोफेसर एस कुमार

अभिनंदन पत्र का वाचन करते हुए डॉ त्रिविक्रम तिवारी



उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
प्रयागराज

अभिनन्दन पत्र

आचार्य सत्यकाम
कुलपति
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

प्रकृष्टयज्ञ की भूमि तथा भारतरत्न राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन जी की तपःस्थली तीर्थराज प्रयाग में त्रिवेणी के पावनतट पर विद्या, ज्ञान तथा अध्यात्म को निरंतर प्रवाहित करने वाले उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज का परम सौभाग्य है कि मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के उद्भट एवं प्रकाण्ड विद्वान, हिन्दी साहित्य के प्रख्यात समीक्षक, प्रबुद्ध एवं असाधारण व्यक्तित्व के स्वामी, विख्यात शिक्षाविद आचार्य सत्यकाम जी ने ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा दिन शुक्रवार दिनांक 7 जून 2024 को इस विश्वविद्यालय के अत्यंत महत्त्वपूर्ण एवं गुरुतर दायित्वयुक्त कुलपति के गरिमामय पद को समलंकृत किया। आपने इस दायित्व को संभालते ही अपनी संपूर्ण निष्ठा, आस्था एवं श्रमशक्ति को विश्वविद्यालय की प्रगति-उन्नति के लिए अर्पित कर दिया।

उत्कृष्ट अकादमिक दक्षता, अद्वितीय प्रशासनिक क्षमता व उच्चकोटि की संस्थागत वचनबद्धता का मंजुल समन्वय आचार्य सत्यकाम जी का पर्याय है। आप की अद्भुत-विलक्षण-दूरगामी सकारात्मक सोच एवं प्रशासनिक-क्षमता ने ही अनेक सुप्रतिष्ठित शिक्षण-संस्थाओं तथा विख्यात सामाजिक-संस्थाओं को विश्वविद्यालय के साथ कटिबद्ध रूप से कार्य करने को प्रेरित किया है।

आपके द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति एवं चतुर्दिक विकास के लिए किए गए प्रयास आपकी दूरदर्शिता, अथक-परिश्रम तथा दृढ़-संकल्प को परिलक्षित करते हैं। आपने अपने कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की धारा 12B से विश्वविद्यालय को आच्छादित करा विश्वविद्यालय में अनुसंधान, संसाधन एवं नवाचार के नए आयाम खोले हैं। अत्यंत अल्प अवधि में ही स्व-अध्ययन सामग्री का लेखन कार्य पूर्ण करा कर मुद्रण कराना आपकी दृढ़-इच्छाशक्ति का परिचायक है। आपके निर्देशन में ही प्रथम बार स्वयंप्रभा के 12 प्रस्तावों को स्वीकृति प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक, अकादमिक एवं आवासीय परिसर में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना कर स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय को आत्मनिर्भर बनाना हो या फिर विश्वविद्यालय की शुचिता एवं पारदर्शितापूर्ण सत्रांत परीक्षाएं-सभी आपकी त्वरित निर्णय-क्षमता तथा विश्वविद्यालय के प्रति आपके समर्पण के प्रतीक हैं।

कुशल प्रशासक होने के साथ ही आपका पितातुल्य स्नेहिल व वात्सल्यपूर्ण अंतर्मन निरंतर विश्वविद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य के उन्नयन एवं संवर्द्धन के लिए प्रयत्नशील रहता है। नियमित हों अथवा संविदा शिक्षक आप सभी के लिए कल्याणस्वरूप हैं। शिक्षकों एवं विश्वविद्यालय कर्मियों की शैक्षणिक, आर्थिक, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निवारण के साथ-साथ दिव्यांगों, ट्रांसजेंडरों, कारागार के बंदियों तथा ग्रामीण अंचल की महिलाओं जैसे समाज के उपेक्षित वर्गों को भी शिक्षा प्रदान करने तथा उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने हेतु किया जा रहा आपका प्रयास विश्वविद्यालय के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा।

विश्वविद्यालय में विभिन्न नए परास्नातक एवं प्रमाण-पत्र कार्यक्रमों का संचालन, विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय तथा श्रव्य-दृश्य प्रयोगशाला का आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, शिक्षार्थियों के तकनीकी स्वावलंबन हेतु टैबलेट तथा स्मार्टफोन के वितरण की सरकार की योजना का क्रियान्वयन, विश्वविद्यालय में शिक्षार्थी उन्मुख वातावरण का विकास आदि अनेक महत्त्वपूर्ण एवं नवीन प्रयोग आपकी प्रत्युत्पन्नमतित्व को उजागर करते हैं।

आपका गरिमामय व्यक्तित्व विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए प्रेरणा स्रोत है। आपकी प्रेरणा व मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय उत्तरोत्तर विकास के सोपान पर अग्रसर है। विश्वविद्यालय के विकास व उन्नति के लिए किए गए आपके प्रयासों एवं कार्यों के लिए भविष्य सदैव आपका ऋणी रहेगा।

बहुमुखी प्रतिभा के धनी, परम-विद्वान, मानवीय गुणों की प्रतिमूर्ति माननीय कुलपति आचार्य सत्यकाम जी का अभिनंदन करते हुए हम सभी शिक्षकगण गौरवान्वित हैं। आपके प्रति आदर और सम्मान प्रकट करते हुए, हम ईश्वर से आपके निरंतर उन्नत, आरोग्य तथा दीर्घायुष्य जीवन की मंगलकामना करते हैं।

10 जून 2025

समस्त शिक्षकगण
उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
प्रयागराज

माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी के सम्मान में अभिनंदन पत्र भेंट करते हुए विश्वविद्यालय के शिक्षकगण

मुक्त विश्वविद्यालय दृश्य श्रव्य माध्यम की तरफ आगे बढ़ रहा– प्रोफेसर सत्यकाम

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य सत्यकाम ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिवेश में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के आयाम निरंतर व्यापक होते जा रहे हैं। वैश्वीकरण के दौर में जब अर्थव्यवस्था निर्धारक भूमिका निभा रही है, ऐसे में व्यक्ति के समक्ष अपनी आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ–साथ शिक्षा में प्रगति करना एक चुनौती बनता जा रहा है। इस परिस्थिति में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा व्यक्ति को उसके शैक्षिक उन्नति का अवसर प्रदान करती है। कुलपति ने कहा कि मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा विभिन्न पद्धतियों का एक मिला–जुला रूप है। इसमें वर्तमान समय में ऑडियो विजुअल प्रणाली प्रमुखता से उभर कर सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि ऑडियो विजुअल पद्धति के प्रयोग के माध्यम से मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा ज्ञान के वैश्विक प्रसार की ओर अग्रसर है। विश्वविद्यालय अब दृश्य श्रव्य माध्यम की तरफ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी शिक्षकों को स्वयंप्रभा चौनल के लिए कार्यक्रम तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों से विश्वविद्यालय की ख्याति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होगी।

माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी के कार्यकाल के एक वर्ष के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर बधाई देते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण

माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी के कार्यकाल के एक वर्ष के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर बधाई देते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी

मुक्त विश्वविद्यालय में योग का अभ्यास कराया गया

योगाभ्यास कराते हुए
सहायक आचार्य (संवि.) श्री अमित सिंह

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व प्रतिदिन योगाभ्यास की विभिन्न क्रियाएं संचालित की जा रही हैं। इसी कम में दिनांक 10 जून, 2025 को गंगा परिसर में योग का आयोजन किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल हुए।

लोगों ने विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। जिससे उनका तनाव कम हुआ। योग विशेषज्ञ श्री अमित सिंह ने लोगों को समूह में योग का अभ्यास कराया। योग ने लोगों को तनावमुक्त करने में मदद की। उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार किया। योग ने लोगों को एक दूसरे के साथ जुड़ने और सामाजिक संबंध बनाने में मदद की।

विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों को योग के विज्ञान पर परिचर्चा के साथ सुक्ष्म व्यायाम, योग मुद्रायें, ओमकार प्राणायाम, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाति, ताड़ासन, त्रिकोणासन, पद्म आसन, सूर्य नमस्कार एवं हास्य व्यायाम का अभ्यास कराते हुए योग प्रशिक्षक श्री अमित सिंह

आज के योग कार्यक्रम में योग गेम तथा योग के कई अभ्यास करायें गये। साथ ही साथ राम ध्यान का अभ्यास कराया गया। राम इस देश के चेतना और आत्मा है, जो अभ्यास कर रहे हैं उन लोगों ने अपार शांति महसूस की। इस अवसर पर लोक कलाकार सचिन गोस्वामी एवं योग प्रशिक्षक श्री अमित सिंह ने भक्तिपूर्ण भजन कराया।

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com

प्रयागराज
बुधवार
11 जून 2025
06

कैंपस 30 S

राजर्षि टंडन मुक्त विवि में गोष्ठी में मौजूद कुलपति प्रो. सत्यकाम और शिक्षक।

वैश्विक प्रसार को अग्रसर है मुविवि

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा संभावनाएं व चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता कुलपति प्रो. सत्यकाम ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिवेश में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के आयाम निरंतर व्यापक होते जा रहे हैं। ऑडियो विजुअल पद्धति के प्रयोग से मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा ज्ञान के वैश्विक प्रसार की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर डॉ. आनंदानंद त्रिपाठी, प्रो. एस कुमार, डॉ. त्रिविक्रम तिवारी, प्रो. आशुतोष गुप्ता, प्रो. पीके स्टालिन, प्रो. छत्रसाल सिंह, प्रो. श्रुति, प्रो. जेपी यादव आदि मौजूद रहे।

Prayagraj मुक्त विश्वविद्यालय दृश्य श्रव्य माध्यम की तरफ आगे बढ़ रहा- प्रोफेसर सत्यकाम

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में

streetbuzz.co.in

मुक्त विश्वविद्यालय दृश्य श्रव्य माध्यम की तरफ आगे बढ़ रहा- प्रोफेसर सत्यकाम

https://streetbuzz.co.in/newsapp//view/post:570197

22:58

मुक्त विश्वविद्यालय में सूर्य नमस्कार अभ्यास कराया गया

योगाभ्यास कराते हुए
सहायक आचार्य (संवि.) श्री निकेत सिंह

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व प्रतिदिन योगाभ्यास की विभिन्न क्रियाएं संचालित की जा रही हैं। इसी कम में दिनांक 11 जून, 2025 को गंगा परिसर में योग का आयोजन किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल हुए।

लोगों ने विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। जिससे उनका तनाव कम हुआ। योग विशेषज्ञ श्री निकेत सिंह ने लोगों को समूह में योग का अभ्यास कराया। योग ने लोगों को तनावमुक्त करने में मदद की। उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार किया। योग ने लोगों को एक दूसरे के साथ जुड़ने और सामाजिक संबंध बनाने में मदद की।

विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों को योग के विज्ञान पर परिचर्चा के साथ सुक्ष्म व्यायाम, योग मुद्रायें, ओमकार प्राणायाम, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाति, ताड़ासन, त्रिकोणासन, पद्म आसन, सूर्य नमस्कार एवं हास्य व्यायाम का अभ्यास कराते हुए योग प्रशिक्षक श्री निकेत सिंह

आज के योग कार्यक्रम में योग गेम तथा योग के कई अभ्यास करायें गये। साथ ही साथ राम ध्यान का अभ्यास कराया गया। राम इस देश के चेतना और आत्मा है, जो अभ्यास कर रहे हैं उन लोगों ने अपार शांति महसूस की। इस अवसर पर लोक कलाकार सचिन गोस्वामी एवं योग प्रशिक्षक श्री अमित सिंह एवं श्री निकेत सिंह ने भक्तिपूर्ण भजन कराया।

मुक्त विश्वविद्यालय में सूर्य नमस्कार अभ्यास कराया गया



योगाभ्यास कराते हुए
सहायक आचार्य (संवि.) श्री निकेत सिंह

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व प्रतिदिन योगाभ्यास की विभिन्न क्रियाएं संचालित की जा रही हैं। इसी कम में दिनांक 12 जून, 2025 को गंगा परिसर में योग का आयोजन किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल हुए।

लोगों ने विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। जिससे उनका तनाव कम हुआ। योग विशेषज्ञ श्री निकेत सिंह ने लोगों को समूह में योग का अभ्यास कराया। योग ने लोगों को तनावमुक्त करने में मदद की। उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार किया। योग ने लोगों को एक दूसरे के साथ जुड़ने और सामाजिक संबंध बनाने में मदद की।

आज योगाभ्यास के पूर्व अहमदाबाद में प्लेन क्रैश हादसे में शिकार हुए लोगों के प्रति ओम शांति का पाठ करते हुए विश्वविद्यालय परिवार ने संवेदना व्यक्त की गई।

विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों को योग के विज्ञान पर परिचर्चा के साथ सुक्ष्म व्यायाम, योग मुद्रायें, ओमकार प्राणायाम, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाति, ताड़ासन, त्रिकोणासन, पद्म आसन, सूर्य नमस्कार एवं हास्य व्यायाम का अभ्यास कराते हुए योग प्रशिक्षक श्री निकेत सिंह

आज के योग कार्यक्रम में योग गेम तथा योग के कई अभ्यास करायें गये। साथ ही साथ राम ध्यान का अभ्यास कराया गया। राम इस देश के चेतना और आत्मा है, जो अभ्यास कर रहे हैं उन लोगों ने अपार शांति महसूस की। इस अवसर पर लोक कलाकार सचिन गोस्वामी एवं योग प्रशिक्षक श्री अमित सिंह एवं श्री निकेत सिंह ने भक्तिपूर्ण भजन कराया।

योगाभ्यास कराते हुए
सहायक आचार्य (सांवि.) श्री निकेत सिंह

कुलपति ने किया परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण

विश्वविद्यालय के यमुना परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते हुए माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी

उ. प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र जून 2025 की परीक्षाएं प्रदेश के 169 केंद्रों पर 31 मई 2025 से प्रारंभ हो गयी हैं। दिनांक 13 जून, 2025 को विश्वविद्यालय के यमुना परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान माननीय कुलपति जी परीक्षार्थियों से रुबरु हुए। इस भीषण गर्मी में प्रदेश में किसी भी केंद्र पर किसी भी परीक्षार्थी को कोई परेशानी न हो, इसके लिए शीतल जल एवं हवादार कमरों की व्यवस्था करने के लिए केन्द्राध्यक्ष को निर्देश दिये। संपूर्ण उत्तर प्रदेश में परीक्षा को पारदर्शिता पूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पूरे प्रदेश में नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए उड़ाका दल एवं पर्यवेक्षक दल का गठन किया गया है।



मुक्त विश्वविद्यालय में सूर्य नमस्कार अभ्यास कराया गया



योगाभ्यास कराते हुए सहायक आचार्य (सांवि.) श्री अनुराग शुक्ला

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व प्रतिदिन योगाभ्यास की विभिन्न क्रियाएं संचालित की जा रही हैं। इसी कम में दिनांक 13 जून, 2025 को गंगा परिसर में योग का आयोजन किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल हुए।

लोगों ने विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। जिससे उनका तनाव कम हुआ। योग विशेषज्ञ श्री अनुराग शुक्ला ने लोगों को समूह में योग का अभ्यास कराया। योग ने लोगों को तनावमुक्त करने में मदद की। उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार किया। योग ने लोगों को एक दूसरे के साथ जुड़ने और सामाजिक संबंध बनाने में मदद की।

विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों को योग के विज्ञान पर परिचर्चा के साथ सुक्ष्म व्यायाम, योग मुद्रायें, ओमकार प्राणायाम, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाति, ताड़ासन, त्रिकोणासन, पद्म आसन, सूर्य नमस्कार एवं हास्य व्यायाम का अभ्यास योग प्रशिक्षक अनुराग शुक्ला ने कराया।

आज के योग कार्यक्रम में योग के कई अभ्यास करायें गये। साथ ही साथ राम ध्यान का अभ्यास कराया गया। राम इस देश के चेतना और आत्मा है, जो अभ्यास कर रहे हैं उन लोगों ने अपार शांति महसूस की।



योगाभ्यास कराते हुए
सहायक आचार्य (संवि.) श्री अनुराग शुक्ला

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तिजारत

कई परीक्षा केंद्रों का उड़ाका दल ने किया निरीक्षण, मिली गड़बड़ी, भेजी रिपोर्ट

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के उड़ाका दल ने शनिवार को पूर्वांचल के कई परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उड़ाका दल ने देवरिया एवं संतकबीरनगर में परीक्षा केन्द्रों पर भारी अव्यवस्था देखी एवं शासनादेश और परीक्षा संबंधी नियमों के उल्लंघन की सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन को दी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर सत्यकाम ने बताया कि उड़ाका दल की रिपोर्ट के आधार पर तीन परीक्षा केन्द्रों सिद्धेश्वर शीतलदेव नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भटनी देवरिया, बहादुर यादव मेमोरियल महाविद्यालय, भटनी देवरिया तथा विन्दा पाल उग्रसेन पाल महाविद्यालय, सिक्टहां, संतकबीरनगर पर 14 जून को द्वितीय पाली की सभी परीक्षाएं तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई हैं। इन परीक्षाओं की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। प्रोफ़ेसर सत्यकाम ने बताया कि परीक्षाओं की शुचिता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जनसंदेश टाइम्स

मुक्त विविः कुलपति ने तीन केन्द्रों पर परीक्षाएं निरस्त

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के उड़ाका दल ने शनिवार को पूर्वांचल के कई परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें देवरिया एवं संतकबीरनगर के परीक्षा केन्द्रों पर भारी अव्यवस्था देखी एवं शासनादेश और परीक्षा सम्बंधी नियमों के उल्लंघन की सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन को दी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि उड़ाका दल की रिपोर्ट के आधार पर तीन परीक्षा केन्द्रों सिद्धेश्वर शीतलदेव नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भटनी, देवरिया, बहादुर यादव मेमोरियल महाविद्यालय, भटनी, देवरिया तथा विन्दा पाल उग्रसेन पाल महाविद्यालय, सिक्टहां, संतकबीरनगर पर 14 जून को द्वितीय पाली की सभी परीक्षाएं तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई हैं। इन परीक्षाओं की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि परीक्षाओं की शुचिता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को चेतावनी दी कि यदि परीक्षा केंद्र पर किसी भी तरह की विसंगति पायी गई तो परीक्षा केंद्र अमान्य घोषित कर दिया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक कर्नल विनय कुमार ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर पूरे प्रदेश में पर्यवेक्षकों एवं उड़ाका दल के औचक निरीक्षण से नकलचियों के हौसले पस्त हैं।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082
अमृत विचार
वर्ष 35, अंक 139, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अख़बार

तीन केंद्रों पर द्वितीय पाली की परीक्षाएं निरस्त

प्रयागराज, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (यूपीआरटीओयू) के उड़ाका दल ने शनिवार को पूर्वांचल के कई परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उड़ाका दल ने देवरिया एवं संत कबीरनगर में परीक्षा केंद्रों पर भारी अव्यवस्था देखी। शासनादेश और परीक्षा संबंधी नियमों के उल्लंघन की सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन को दी। विवि के कुलपति प्रो. सत्यकाम ने बताया कि उड़ाका दल की रिपोर्ट के आधार पर तीन परीक्षा केंद्र सिद्धेश्वर शीतलदेव नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भटनी देवरिया, बहादुर यादव मेमोरियल महाविद्यालय भटनी देवरिया और विन्दा पाल उग्रसेन पाल महाविद्यालय सिक्टहां संत कबीरनगर की शनिवार को होने वाली द्वितीय पाली की परीक्षा निरस्त कर दी गई। इन परीक्षाओं की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

सहजसत्ता

मुक्त विविः कुलपति ने तीन केन्द्रों पर शनिवार की परीक्षाएं निरस्त की

➔पूर्वांचल में उड़ाका दल को मिली भारी अव्यवस्था

प्रयागराज (हि.स.)। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के उड़ाका दल ने शनिवार को पूर्वांचल के कई परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें देवरिया एवं संतकबीरनगर के परीक्षा केन्द्रों पर भारी अव्यवस्था देखी एवं शासनादेश और परीक्षा सम्बंधी नियमों के उल्लंघन की सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन को दी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि उड़ाका दल की रिपोर्ट के आधार पर तीन परीक्षा केन्द्रों सिद्धेश्वर शीतलदेव नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भटनी, देवरिया, बहादुर यादव मेमोरियल महाविद्यालय, भटनी, देवरिया तथा विन्दा पाल उग्रसेन पाल महाविद्यालय, सिक्टहां, संतकबीरनगर पर 14 जून को द्वितीय पाली की सभी परीक्षाएं तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई हैं। इन परीक्षाओं की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि परीक्षाओं की शुचिता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को चेतावनी दी कि यदि परीक्षा केंद्र पर किसी भी तरह की विसंगति पायी गई तो परीक्षा केंद्र अमान्य घोषित कर दिया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक कर्नल विनय कुमार ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर पूरे प्रदेश में पर्यवेक्षकों एवं उड़ाका दल के औचक निरीक्षण से नकलचियों के हौसले पस्त हैं।

तीन केंद्रों पर द्वितीय पाली की परीक्षाएं निरस्त
उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के उड़ाका दल ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। देवरिया और संत कबीरनगर में अव्यवस्था पाई गई। कुलपति ने तीन परीक्षा केंद्रों की परीक्षा निरस्त कर दी। नई...,
www.livehindustan.com

तीन केंद्रों पर द्वितीय पाली की परीक्षाएं निरस्त

और पढ़ें:

https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/prayagraj/story-uprtou-vigilance-team-inspects-exam-centers-cancels-exams-due-to-irregularities-201749908957873.html
सबसे तेज और सटीक खबरों के लिए डाउनलोड करें हिन्दुस्तान ऐप
https://hhiphonehindiapp.page.link/AppDownload
21:41

Dr Prabhat Mishra

मुक्त विवि : कुलपति ने तीन केन्द्रों पर शनिवार की परीक्षाएं निरस्त की
--पूर्वांचल में उड़ाका दल को मिली भारी अव्यवस्थाप्रयागराज, 14 जून (हि.स.)। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के उड़ाका दल ने शनिवार को पूर्वांचल के
vocaltv.in

https://vocaltv.in/uttar-pradesh/saturday-exams-canceled-at-three-centers-uprtouphp/cid16897590.htm
21:42

इलाहाबाद एक्सप्रेस

मुक्त विवि : कुलपति ने तीन केन्द्रों पर शनिवार की परीक्षाएँ निरस्त की

पूर्वांचल में उड़ाका दल को मिली भारी अव्यवस्था

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के उड़ाका दल ने शनिवार को पूर्वांचल के कई परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें देवरिया एवं संतकबीरनगर के परीक्षा केन्द्रों पर भारी अव्यवस्था देखी एवं शासनादेश और परीक्षा सम्बंधी नियमों के उल्लंघन की सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन को दी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि उड़ाका दल की रिपोर्ट के आधार पर तीन परीक्षा केन्द्रों सिद्धेश्वर शीतलदेव नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भटनी, देवरिया, बहादुर यादव मेमोरियल महाविद्यालय, भटनी, देवरिया तथा विन्दा पाल उग्रसेन पाल महाविद्यालय, सिक्टहां, संतकबीरनगर पर 14 जून को द्वितीय पाली की सभी परीक्षाएं तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई हैं। इन परीक्षाओं की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि परीक्षाओं की शुचिता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को चेतावनी दी कि यदि परीक्षा केंद्र पर किसी भी तरह की विसंगति पायी गई तो परीक्षा केंद्र अमान्य घोषित कर दिया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक कर्नल विनय कुमार ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर पूरे प्रदेश में पर्यवेक्षकों एवं उड़ाका दल के औचक निरीक्षण से नकलचियों के हौसले पस्त हैं।

SUNDAY 15.06.2025 उत्तर प्रदेश
अमर उजाला
प्रयागराज

मुक्त विवि के तीन केंद्रों की परीक्षाएं निरस्त

देवरिया के दो और संत कबीर नगर के एक केंद्र में मिली अव्यवस्था

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की सत्र जून-2025 की 14 जून को हुई परीक्षा में अव्यवस्था मिलने पर कुलपति प्रो. सत्यकाम ने तीन केंद्रों की द्वितीय पाली में हुई परीक्षाएं तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दीं। इनमें देवरिया के दो व संत कबीरनगर के दो परीक्षा केंद्र शामिल हैं। यह कार्रवाई उड़ाका दल की रिपोर्ट के आधार पर की गई है।

मुक्त विवि की परीक्षाएं 31 मई से प्रयागराज के 169 केंद्रों में शुरू हुई थीं। परीक्षा के लिए प्रदेश भर से 72 हजार परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षाएं 25 जून तक होनी हैं। विवि के उड़ाका दल ने शनिवार को पूर्वांचल के कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

उड़ाका दल ने देवरिया एवं संत कबीर नगर में तीन परीक्षा केंद्रों में भारी अव्यवस्था देखी और शासनादेश व परीक्षा संबंधी नियमों के उल्लंघन की सूचना विवि प्रशासन को दी। इन केंद्रों में नकल और सिटिंग प्लान में गड़बड़ी आदि की शिकायत मिली।

कुलपति प्रो. सत्यकाम ने बताया, उड़ाका दल की रिपोर्ट के आधार पर तीन केंद्रों में 14 जून को द्वितीय पाली में हुई सभी परीक्षाएं तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई हैं। इनमें सिद्धेश्वर शीतलदेव नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भटनी, देवरिया, बहादुर यादव मेमोरियल महाविद्यालय, भटनी, देवरिया और विंदा पाल उग्रसेन पाल महाविद्यालय, सिक्टहा, संत कबीर नगर शामिल हैं।

इन परीक्षाओं की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। उन्होंने परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को चेतावनी दी कि यदि परीक्षा केंद्र पर किसी भी तरह की विसंगति मिलती तो उसे अमान्य घोषित कर दिया जाएगा। ब्यूरो

SUNDAY 15.06.2025 उत्तर प्रदेश
अमर उजाला
गोरखपुर

मुक्त विवि के तीन केंद्रों की परीक्षाएं निरस्त

देवरिया के दो और संतकबीरनगर के एक केंद्र में मिली अव्यवस्था

अमर उजाला ब्यूरो

उड़ाका दल की शिकायत पर कुलपति प्रो. सत्यकाम ने की कार्रवाई

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की सत्र जून-2025 की 14 जून को हुई परीक्षा में अव्यवस्था मिलने पर कुलपति प्रो. सत्यकाम ने तीन केंद्रों की द्वितीय पाली में हुई परीक्षाएं तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दीं। इनमें देवरिया के दो व संत कबीरनगर के एक परीक्षा केंद्र शामिल हैं। यह कार्रवाई उड़ाका दल की रिपोर्ट के आधार पर की गई है।

मुक्त विवि की परीक्षाएं 31 मई से प्रयागराज के 169 केंद्रों में शुरू हुई थीं। परीक्षा के लिए प्रदेश भर से 72 हजार परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षाएं 25 जून तक होनी हैं। विवि के उड़ाका दल ने शनिवार को पूर्वांचल के कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

उड़ाका दल ने देवरिया एवं संत कबीर नगर में तीन परीक्षा केंद्रों में भारी अव्यवस्था देखी और शासनादेश व परीक्षा संबंधी नियमों के उल्लंघन की सूचना विवि प्रशासन को दी। इन केंद्रों में नकल और सिटिंग प्लान में गड़बड़ी आदि की शिकायत मिली।

कुलपति प्रो. सत्यकाम ने बताया, उड़ाका दल की रिपोर्ट के आधार पर तीन केंद्रों में 14 जून को द्वितीय पाली में हुई सभी परीक्षाएं तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई हैं। इनमें सिद्धेश्वर शीतलदेव नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भटनी, देवरिया, बहादुर यादव मेमोरियल महाविद्यालय, भटनी, देवरिया और विंदा पाल उग्रसेन पाल महाविद्यालय, सिक्टहा, संत कबीर नगर शामिल हैं।

इन परीक्षाओं की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। परीक्षाओं की शुचिता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को चेतावनी दी कि यदि परीक्षा केंद्र पर किसी भी तरह की विसंगति मिलती तो उसे अमान्य घोषित कर दिया जाएगा।

मुक्त विश्वविद्यालय में सूर्य नमस्कार अभ्यास कराया गया



योगाभ्यास कराते हुए सहायक आचार्य (सांवि.) श्री अमित सिंह

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व प्रतिदिन योगाभ्यास की विभिन्न क्रियाएं संचालित की जा रही हैं। इसी कम में दिनांक 16 जून, 2025 को गंगा परिसर में योग का आयोजन किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल हुए।

लोगों ने विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। जिससे उनका तनाव कम हुआ। योग विशेषज्ञ श्री अमित सिंह ने लोगों को समूह में योग का अभ्यास कराया। योग ने लोगों को तनावमुक्त करने में मदद की। उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार किया। योग ने लोगों को एक दूसरे के साथ जुड़ने और सामाजिक संबंध बनाने में मदद की।

विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों को योग के विज्ञान पर परिचर्चा के साथ सुक्ष्म व्यायाम, योग मुद्रायें, ओमकार प्राणायाम, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाति, ताड़ासन, त्रिकोणासन, पदम आसन, सूर्य नमस्कार एवं हास्य व्यायाम का अभ्यास योग प्रशिक्षक अमित सिंह ने कराया।

आज के योग कार्यक्रम में योग के कई अभ्यास करायें गये। साथ ही साथ राम ध्यान का अभ्यास कराया गया। राम इस देश के चेतना और आत्मा है, जो अभ्यास कर रहे हैं उन लोगों ने अपार शांति महसूस की।

योगाभ्यास कराते हुए
सहायक आचार्य (संवि.) श्री अमित सिंह

मुक्त विश्वविद्यालय में सूर्य नमस्कार अभ्यास

योगाभ्यास कराते हुए सहायक आचार्य (संवि.) श्री अमित सिंह

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व प्रतिदिन योगाभ्यास की विभिन्न क्रियाएं संचालित की जा रही हैं। इसी कम में दिनांक 17 जून, 2025 को गंगा परिसर में योग का आयोजन किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल हुए।

लोगों ने विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। जिससे उनका तनाव कम हुआ। योग विशेषज्ञ श्री अमित सिंह ने लोगों को समूह में योग का अभ्यास कराया। योग ने लोगों को तनावमुक्त करने में मदद की। उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार किया। योग ने लोगों को एक दूसरे के साथ जुड़ने और सामाजिक संबंध बनाने में मदद की।

विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों को योग के विज्ञान पर परिचर्चा के साथ सुक्ष्म व्यायाम, योग मुद्रायें, ओमकार प्राणायाम, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाति, ताड़ासन, त्रिकोणासन, पद्म आसन, सूर्य नमस्कार एवं हास्य व्यायाम का अभ्यास योग प्रशिक्षक अमित सिंह ने कराया। आज के योग कार्यक्रम में योग के कई अभ्यास करायें गये। साथ ही साथ राम ध्यान का अभ्यास कराया गया। राम इस देश के चेतना और आत्मा है, जो अभ्यास कर रहे हैं उन लोगों ने अपार शांति महसूस की।

योगाभ्यास कराते हुए
सहायक आचार्य (संवि.) श्री अमित सिंह

मुक्त विश्वविद्यालय में "सामूहिक सूर्य नमस्कार : ऊर्जा एवं एकाग्रता का अनुभव"

माननीया कुलाधिपति श्री आनन्दीबेन पटेल की प्रेरणा से एवं मा. कुलपति आचार्य सत्यकाम जी के मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व प्रतिदिन योगाभ्यास की विभिन्न क्रियायें संचालित की जा रहीं है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, की मानविकी विद्याशाखा के तत्वावधान में दिनांक 18 जून 2025 को अपराह्न 4:00 बजे से 5:00 तक "सामूहिक सूर्य नमस्कार : ऊर्जा एवं एकाग्रता का अनुभव" विषयान्तर्गत योग कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के गंगा परिसर में किया गया।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत हरित योग एवं योग के विभिन्न मुद्राओं पर योगाभ्यास किया गया। जिससे उनका तनाव कम हुआ। योग विशेषज्ञ श्री अमित सिंह एवं श्री निकेत सिंह ने लोगों को समूह में योग का अभ्यास कराया। योग ने लोगों को तनावमुक्त करने में मदद की। उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार किया। योग ने लोगों को एक दूसरे के साथ जुड़ने और सामाजिक संबंध बनाने में मदद की।

ऊर्जा और एकाग्रता को बढ़ाता है सूर्य नमस्कार – प्रोफेसर सत्यकाम

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के मा. कुलपति आचार्य सत्यकाम ने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ्य बनाता है अपितु हमारे मस्तिष्क को भी एकाग्र कर नई ऊर्जा से भर देता है। योग वस्तुतः शरीर और मन को एक करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्वयं के अनुभव के बारे में बताते हुए कहा कि योग करने से उनमें नई ऊर्जा का संचार हुआ है। और वह अब और भी दक्षता तथा एकाग्रता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने में सक्षम हुए है साथ ही योग विभिन्न विचारधाराओं के विभिन्न व्यक्तियों को साथ लाने का भी सशक्त माध्यम है। उन्होंने इस अवसर पर लोगों को आह्वाहन करते हुए कहा कि सभी को प्रतिदिन अपने दैनिक व्यस्तताओं में से कुछ समय योग हेतु अवश्य निकालना चाहिए इससे वे शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहेंगें। और अपने कार्यों का और भी गुणवत्तापूर्ण तरीके से सम्पादित करने में सहायता मिलेगी।

मानविकी विद्याशाखा के निदेशक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी ने योग पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योग विश्व को भारत की अनुपम देन है। आज विश्व के 180 से अधिक देशों द्वारा योग को अपनाया गया है। योग का अनुसरण करके इन देशों ने भारतीय संस्कृति और उसकी चिन्तन परम्परा में विश्वास व्यक्त किया जो देश के लिए गौरव का विषय है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग मनुष्य के मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक वृत्तियों को परस्पर जोड़ता है। जिससे मनुष्य उच्च आध्यात्मिक भाव को ग्रहण करते हुए मानसिक शांति और निरोग जीवन प्राप्त करता है। योग विशेषज्ञ श्री अमित सिंह ने लोगों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए योग प्रतिदिन करना चाहिए। योग शिक्षक निकेत सिंह एवं अनुराग शुक्ला ने योग के विभिन्न मुद्राओं का लोगों को अभ्यास कराया। इस योग कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, आचार्यगण, कर्मचारीगण एवं शोध छात्रों ने प्रतिभाग किया।

हरित योग

योग मैराथन को कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने दिखाई हरी झंडी

हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ करते हुए माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी

मुविवि ने स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए बढ़ाये कदम

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में गुरुवार दिनांक 19 जून, 2025 को राज्यपाल सचिवालय के निर्देश पर योग मैराथन : स्वस्थ समाज की ओर बढ़ते कदम का आयोजन किया गया। माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने गंगा परिसर से योग मैराथन में प्रतिभाग कर रहे विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन विभिन्न मार्गों से होते हुए विश्वविद्यालय के यमुना परिसर में समाप्त हुई।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि योग मैराथन का उद्देश्य लोगों को योग के लाभों के बारे में जागरूक करना, समुदाय की भावना को बढ़ावा देना और लोगों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करना है। विश्वविद्यालय अपनी इस मुहिम में अत्यंत सफल हुआ है। यहां रोजाना योग विशेषज्ञ योगाभ्यास की विभिन्न मुद्राओं को संचालित कर रहे हैं। जिसका लाभ सभी को मिल रहा है । उन्होंने कहा कि योग मैराथन में भाग लेने से लोगों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है। योग मैराथन के दौरान सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और ध्यान का भी अभ्यास किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ ज्ञान प्रकाश यादव ने किया। माननीय कुलपति का स्वागत विज्ञान विद्या शाखा के प्रोफेसर जय प्रकाश यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन सह संयोजक डॉ अमरेंद्र कुमार यादव ने किया।

मैराथन दौड़ में प्रतिभाग करते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण

मैराथन दौड़ में प्रतिभाग करते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण

मुक्त विश्वविद्यालय में योग पर अन्तर्राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन

दिनाँक 19 जून, 2025 को उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के शिक्षा विद्याशाखा एवं स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा के संयुक्त तत्वाधान में **"Yoga: Inclusion of Knowledge and Experience"** विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। प्रो0 स्टालिन ने अतिथि परिचय और स्वागत के क्रम में डॉ. भदन्त राहुल बोधि, योग विशेषज्ञ, सर्वोदय महाबुद्व विहार, मुम्बई, प्रोफेसर एलेना हासकोवा, शिक्षा संकाय, कान्स्टन्टाइन द फिलासफर विश्वविद्यालय, स्लोवाकिया, श्री सुरेश चन्द्र शुक्ला अध्यक्ष, भारतीय नार्वेजियन सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम ओसलो नार्वे, प्रोफेसर लाल बिहारी हिन्दी विभाग, एम.जी. आई., मारीशस विश्वविद्यालय, मारीशस, डॉ0 मनोज कुमार सिंह योगा विशेषक, गोचर महाविद्यालय, सहारनपुर, प्रोफेसर विजय जयसवाल शिक्षा संकाय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, प्रोफेसर पी0 के0 साहू पूर्व कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज एवं प्रोफेसर सत्यकाम माननीय कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के साथ–साथ आभाषी एवं फेस टू फेस मोड़ में सभागार में उपस्थित सभी निदेशक, आचार्य, सह आचार्य, सहायक आचार्य एवं विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण का स्वागत किया।

तद्उपरान्त वेबीनार सचिव प्रोफेसर मीरा पाल प्रभारी निदेशक, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।



संचालन करते हुए
प्रो0 छत्रसाल सिंह

अतिथियों का स्वागत एवं परिचय देते हुए निदेशक शिक्षा विद्याशाखा प्रो0 पी0 के0 स्टालिन



विषय प्रवर्तन करती हुई प्रो0 मीरा पाल





श्री सुरेश चन्द्र शुक्ला ने योग के वैश्विक परिदृश को रेखांकित किया साथ ही नार्वे मे शुल्क आधारित योग प्रशिक्षण केन्द्र एवं सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये निशुल्क योग प्रशिक्षण केन्द्रों की चर्चा की। प्रो0 शुक्ला का कहना था कि योग किसी न किसी रूप में नार्वे में सन 1980 से है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पूरे विश्व में योग के प्रचार–प्रसार में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

डॉ0 भदन्त राहुल बोधि ने योग एवं बौद्व धर्म के दार्शनिक पक्ष को एक–दूसरे से जोड़ते हुए 'विपासना' पद्वति की विस्तार से चर्चा की और बताया कि विपासना मानव जीवन की सभी समस्याओं को हल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अपने सम्बोधन में डॉ0 भदन्त ने जोर देते हुए कहा कि सभी वैश्विक युद्वों और राष्ट्रों के मध्य तनाव को कम करने में योग का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है तथा मानव जीवन को समस्या रहित बनाने में योग, प्राणायाम, एवं साधना महत्वपूर्ण स्थान है।

प्रोफेसर विजय जयसवाल का कहना था कि योग केवल शारीरिक व्यायाम ही नहीं है बल्कि इसके द्वारा मानसिक शान्ति भी प्राप्त की जाती है जो किसी भी मनुष्य के लिए आज के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक है। योग मानव जीवन का आधार है। योग के द्वारा मानसिक तनाव को कम किया जा सकता है। इन्होंने विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम की अवस्थओं की विस्तार से चर्चा की।

डॉ0 मनोज कुमार सिंह ने मूल्यवान सम्बोधन में यम, नियम, आसन, प्राणायाम, तथा समाधि की दोनों अवस्थाओं के सिद्वान्तों को रेखांकित किया। डॉ0 सिंह का कहना था कि जब तक क्रमवार यम, नियम, आसन, प्राणायाम का अनुभव में समावेश नहीं होगा तबतक कोई भी व्यक्ति समाधि की अवस्था तक नहीं पहुँच सकता है। योग ज्ञान एवं अनुभव का समावेश ही है। इनका कहना था कि योग साधना एवं योग दर्शन महर्षि पतन्जलि ने अपने योग सूत्र में बताया है, साथ ही महर्षि पतन्जलि के अनुसार अभ्यास से ही अनुभव की प्राप्ति की जा सकती है। योग सूत्र में बताया है कि योग चित्त वृत्तियों का निषेध है। आपने सभी आसनों एवं प्राणायाम की उपयोगिता के विषय में विस्तार से बताया है।

प्रोफेसर पी0के0 साहू द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी का जिक्र करते हुये बताया कि योग के विभिन्न आयाम व्यक्तित्व के विकास में सहायक होते है। अपने सम्बोधन में उन्होंने अरविन्दो दर्शन के अन्तर्गत शारीरिक अवस्था, मानसिक अवस्था एवं भौतिक अवस्था के साथ–साथ पंचकोशी आयामों के विषय में चर्चा की। अपने सम्बोधन को आगे बढाते हुए प्रोफेसर साहू का कहना था कि हम शारीरिक रूप में स्वस्थ्य रहेंगे तो मानसिक रूप से भी स्वस्थ्य रहेगे तभी हम दैनिक जीवन को सुचारू रूप से चला पायेगें। योग सिर्फ एक व्यायाम के रूप मे न होकर व्यक्तित्व के सभी पक्षों के लिए होना चाहिए। योग को औपचारिक शिक्षा के साथ–साथ दैनिक जीवन में अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से भी सम्मिलित किया जाना चाहिए। अपने दैनिक जीवन में सहज ही योग का समावेश किया जाना चाहिए। इसके साथ ही योग में ध्यान भी आवश्यक है। आसन एवं प्राणायाम का नित्य प्रतिदिन अभ्यास करना चाहिए। ध्यान के महत्व को बताते हुए इसकी उपयोगिता को भी बताया। शान्तिपूर्ण जीवन जीने के लिए योग ही एकमात्र उपाय है। योग के ही माध्ययम से आन्तरिक एवं वाह्य स्वास्थ्य को शान्तिपूर्ण जीवन को प्राप्त किया जा सकता है।

योग शान्ति का मार्ग है : प्रोफेसर सत्यकाम



माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर सत्यकाम ने अपने उद्‌बोधन में सर्वप्रथम विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को शुभकामना प्रेषित करते हुए बताया कि योग शान्ति का मार्ग है। अंहिसक विश्व की कामना प्रेषित करते हुए माननीय कुलपति ने वैश्विक शान्ति की अपील की। वर्तमान परिवेश में गॉधी के अहिंसक सिद्वान्तों एवं महात्मा बुद्व उपदेशों तथा दिखाये मार्ग को अपनाने की बात कही।



धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रो0 छत्रसाल सिंह

मुक्त विश्वविद्यालय में मानव जीवन में योग की उपयोगिता विषय पर भाषण तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

